एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

द गर्ल ऑन द ट्रेन के लिए लंदन रवाना हुई कीर्ति कुल्हारी

अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी इस समय अपनी फिल्म मिशन मंगल की सफलता का लुफ्त उठा रही हैं. इसी बीच वो अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग के लिए भी रवाना हो गए हीं. कीर्ति की अगली फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन हैं और इसकी शूटिंग के लिए ये अभिनेत्री अब लंदन रवाना हो चुकी हैं. कीर्ति करीब एक महीने के शेड्यूल के लिए लंदन गई हैं. इस फिल्म में उनका बहुत ही अलग अवतार दिखेगा. इस फिल्म के निर्देशक रिभु दास गुप्ता हैं और उनके साथ कीर्ति दूसरी बार काम कर रही हैं, इससे पहले वे उनके के साथ नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल सीरीज़ बार्ड ऑफ़ ब्लड में भी काम कर चुकी हैं, जो 27 सितम्बर को रिलीज़ होगी. कीर्ति हमेशा अपने हर किरदार को वास्तविक रूप देने में कोई कसार नहीं छोड़ी है, चाहे वो फिल्म उरी के लिए शूटिंग सीखना हो, या फिल्म इंदु सरकार के लिए हकलाना, या फिर हर बार अपने लुक पर एक्सपेरिमेंट करना हो. इस बार वो बिना मेकअप में नज़र आएगी. कीर्ति कुल्हारी ने इस फिल्म को लेकर जारी बयान में कहा हाँ मैं द गर्ल ऑन द ट्रेन में बिना मेक अप वाले लुक में नज़र आउंगी . मुझे बिना मेकअप के रहना अच्छा लगता है, और मैं खुश हूँ की मुझे इस फिल्म में मेकअप नहीं करना पड़ेगा. मुझे यकीन है कि मैं फिल्मांकन के हर अनुभव का आनंद लुंगी. इसके अलावा कीर्ति फोर मोर शॉट्स प्लीज़ सीज़न 2 और बताशा में नज़र आएँगी , जिसमें वे म्यूजिशियन का किरदार निभाएंगी.

Kirti Kulhari

एक थ्रिलर में काम करना चाहती हैं अभिनेत्री नुशरत भरूचा

'प्यार का पंचनामा', 'सोनू के टीटू की स्वीटी' जैसी फिल्मों में अपने पड़ोस की लडक़ी जैसी छवि के लिए जानी जानेवाली अभिनेत्री नुशरत भरूचा का कहना है कि वे किसी थ्रिलर या साइकोलॉजिकल सस्पेंस ड्रामा में काम करने की उत्सुक हैं। नुशरत ने बताया, ''मैं एक थ्रिलर करना चाहती हूं।

मेरा मानना है कि थ्रिलर काफी बांधनेवाली स्टोरी होती है, क्योंकि आपको पता नहीं होता कि आगे क्या होने जा रहा है और कहानी में कई उतारचढ़ाव होते हैं। मेरे लिए यह बेहद दिलचस्प है। यह मुझे कहानी को सुलझाने या क्या होने वाला है, यह जानने के लिए बांधे रखता है।'' अभिनेत्री की आनेवाली फिल्म 'ड्रीम गर्ल' है, जिसे बालाजी मोशन पिक्चर्स ने सह-निर्माण किया है। इसमें आयुष्मान खुराना भी हैं, जिन्होंने एक ऐसे पुरुष की भूमिका निभाई है, जो महिलाओं की आवाज निकाल सकता है और उसके कारनामों से हास्य की कई स्थितियां पैदा होती है।

बोल्ड फोटोज की वजह से फिर चर्चा में आई स्नेहा उलाल

क्या आपको सलमान खान की फिल्म लकी: नो टाइम फॉर लव याद है? इस फिल्म से स्नेहा उलाल नाम की एक ऐक्ट्रेस ने बॉलिवुड की दुनिया में कदम रखे थे। स्नेहा भले ही लुक्स में ऐश्वर्या राय जैसी लगती हैं, लेकिन फिल्मी दुनिया में वह कुछ खास नाम नहीं कमा पाईं। हालांकि इन दिनों वह अपने बोल्ड फोटोज को लेकर चर्चा में हैं। स्नेहा उल्लाल ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर किए हैं, जिनमें काफी हॉट और खूबसूरत लग रही हैं। ब्लैक कलर के स्ट्रैप वाले टॉप और डेनिम शॉर्ट्स में स्नेहा काफी बोल्ड पोज दे रही हैं। स्नेहा उल्लाल ने भले ही फिल्मों में बोल्ड भूमिकाएं न निभाई हों, लेकिन इन फोटोज को देखकर लगता है कि वह असल लाइफ काफी बोल्ड हैं। उनका यह लुक काफी गॉरजस लग रहा है। स्नेहा उल्लाल ने रील लाइफ में शायद ही बिकीनी पहनी हो, लेकिन रियल लाइफ में वह एक बिकीनी बेब हैं। उनका यह फोटो मालदीव वकेशन का है। स्नेहा उल्लाल ने सलमान की फिल्म से डेब्यू करने के बाद उनके भाई सोहेल खान के साथ फिल्म आर्यन में काम किया। लेकिन न तो फिल्म ही चली और न ही स्नेहा।